भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **1996** जिसका उत्तर
शुक्रवार, 2 अगस्त, 2024/11 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

गंगा नदी मार्ग से परिवहन

† 1996. श्री वीरेन्द्र सिंह :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में गंगा नदी में जल परिवहन सेवा की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गई है;
(ख) उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मिल्कीपुर ग्राम सभा में परिवहन के लिए स्थापित वाटरपोर्ट की सफलता कितनी है;
(ग) क्या सरकार उक्त योजना को जारी रखने पर विचार कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा उक्त योजना को किस प्रकार जारी रखे जाने की संभावना है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): गंगा-भागीरथी- हुगली नदी प्रणाली के हल्दिया-वाराणसी जलखंड पर राष्ट्रीय जलमार्ग-। (रा.ज.-।) की क्षमता संवर्धन हेतु जलमार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) को सरकार द्वारा 3 जनवरी, 2018 को अनुमोदित किया गया था। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), एमओपीएसडब्ल्यू के तहत एक स्वायत्त संगठन, विश्व बैंक की तकनीकी और वित्तीय सहायता के साथ जेएमवीपी का कार्यान्वयन कर रहा है।

(ख): जलमार्ग विकास परियोजना के तहत वाराणसी में मिल्कीपुर ग्राम सभा को राल्हुपुर ग्राम सभा से जोड़ने वाले एक मल्टी मॉडल टर्मिनल (एमएमटी) का विकास किया गया है। कार्गो की आवाजाही का ट्रायल एमएमटी से सफलतापूर्वक किया गया है।

(ग) और (घ): विश्व बैंक के परामर्श से जलमार्ग विकास परियोजना का कार्यान्वयन 2 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है।

*****